# PROCEEDINGS OF THE ONE HUNDRED SEVENTY FIFTH

## ACADEMIC COUNCIL MEETING

Held on

## 25th April 2022

Venue

## Vice Chancellor's Committee room



## OFFICE OF THE REGISTRAR

CHANDRA SHEKHAR AZAD UNIVERSITY OF AGRICULTURE & TECHNOLOGY, KANPUR-208002 (UTTAR PRADESH)

Saty.AC.Cover page

प्रेषक,

**कुलसचिव,**
चन्द्र शेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,
कानपुर।

प्रेषित,

**सम्मानित सदस्यगण, (समस्त)**
विद्वत परिषद्,
चन्द्र शेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,
कानपुर।

पत्रांक:सीएसएयू/आर–175वी–401 /2022 दिनांक: अप्रैल 5, 2022

**विषय: विद्वत परिषद् की 175वीं (सामान्य) बैठक का कार्यवृत्त।**

महोदय,

दिनांक 25.04.2022 को मा0 विद्वत परिषद् के उपरोक्त सन्दर्भित बैठक की कार्यवृत्त अवलोकनार्थ प्रेषित है।

भवदीय,

05/5/2022

**(सी0 एल0 मौर्य)**
कुलसचिव

पत्रांक एवं दिनांक उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. अर्थनियंत्रक।
2. अधिष्ठाता, कृषि संकाय/गृह विज्ञान संकाय/छात्र कल्याण/कृषि अभियांत्रिकी प्रौद्योगिकी संकाय/कृषि महाविद्यालय, लखीमपुर खीरी/दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, इटावा।
3. समन्वयक, वानिकी महाविद्यालय / उद्यान महाविद्यालय।
4. समन्वयक, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, इटावा
5. कुलपति के तकनीकी सचिव को माननीय कुलपति एवं अध्यक्ष, विद्वत परिषद् महोदय के संज्ञानार्थ।
6. गार्ड फाइल, कुलसचिव कार्यालय।

**(सी0 एल0 मौर्य)**
कुलसचिव

Saty.AC-175

दिनॉक 25 अप्रैल, 2022 को सायं 3.00 बजे कुलपति सभाकक्ष में सम्पन्न हुई मा0 विद्वत परिषद की 175वीं (सामान्य) बैठक का कार्यवृत्तः—

| क्र0सं0 | मा0 विद्वत परिषद के सदस्य | पदनाम | उपस्थित/अनुपस्थित |
|---|---|---|---|
| 1. | डा0 डी0 आर0 सिंह, कुलपति | अध्यक्ष | उपस्थित |
| 2. | डा0 सी0 एल0 मौर्य, कुलसचिव | सचिव | उपस्थित |
| 3. | डा0 धर्म राज सिंह, अधिष्ठाता, कृषि संकाय | सदस्य | उपस्थित |
| 4. | डा0 डी0 सिंह, अधिष्ठाता, कृषि अभियांत्रिकी संकाय, इटावा | सदस्य | उपस्थित |
| 5. | डा0 लोकेन्द्र सिंह, प्राध्यापक एवं प्रभारी, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, लखीमपुर खीरी | सदस्य | उपस्थित |
| 6. | डा0 करम हुसैन, प्राध्यापक एवं अध्यक्ष, सस्य दैहिकी विज्ञान | सदस्य | उपस्थित |
| 7. | डा0 सर्वेन्द्र कुमार, प्राध्यापक, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन | सदस्य | उपस्थित |
| 8. | डा0 संजीव कुमार, प्राध्यापक एवं अध्यक्ष, सस्य विज्ञान विभाग | सदस्य | उपस्थित |
| 9. | डा0 एच0 सी0 सिंह, प्राध्यापक, कृषि अभियांत्रिकी संकाय, इटावा | सदस्य | उपस्थित |
| 10. | डा0 पी0 के0 उपाध्याय, अधिष्ठाता, गृह विज्ञान संकाय | सदस्य | उपस्थित |
| 11. | डा0 राम जी गुप्ता, प्राध्यापक, दुग्ध विज्ञान विभाग | सदस्य | उपस्थित |
| 12. | डा0 एम0 पी0 एस0 यादव, प्राध्यापक दुग्ध विज्ञान विभाग | सदस्य | उपस्थित |
| 13. | डा0 वाई पी0 मलिक, प्राध्यापक एवं अध्यक्ष, कीट विज्ञान विभाग | सदस्य | उपस्थित |
| 14. | डा0 राजीव कुमार सिंह, सह प्राध्यापक, प्रतिनिधि, कृषि अभियांत्रिकी संकाय | सदस्य | उपस्थित |
| 15. | डा0 सर्वेश कुमार, प्राध्यापक, भूमि संरक्षण एवं जल प्रबन्ध विभाग | सदस्य | उपस्थित |
| 16. | डा0 रवीन्द्र कुमार, प्राध्यापक, मृदा विज्ञान एवं कृशि रसायन विभाग | सदस्य | उपस्थित |
| 17. | डा0 अनिल कुमार, प्राध्यापक एवं अध्यक्ष, मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग | सदस्य | उपस्थित |
| 18. | डा0 वेद रतन, प्राध्यापक, पादप रोग विज्ञान विभाग | सदस्य | उपस्थित |
| 19. | डा0 नौशाद खान, प्राध्यापक, सस्य विज्ञान विभाग | सचिव | उपस्थित |
| 20. | डा0 महक सिंह, प्राध्यापक एवं अध्यक्ष, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग | सदस्य | उपस्थित |
| 21. | डा0 आर0 पी0 सिंह, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण | सदस्य | उपस्थित |
| 22. | डा0 एस0 के0 बिस्वास, प्रा0 एवं अ0, पादप रोग विज्ञान /कृषि अर्थशास्त्र | सदस्य | उपस्थित |
| 23. | डा0 ए0 एल0 जाटव, प्राध्यापक एवं अध्यक्ष, बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | सचिव | उपस्थित |
| 24. | डा0 विजय कुमार यादव, प्राध्यापक एवं प्रभारी रवी सीरियल विभाग | सदस्य | उपस्थित |
| 25. | डा0 ए0 के0 सिंह, समन्वयक, प्रसार निदेशालय | सदस्य | उपस्थित |
| 26. | डा0 कौशल कुमार, प्राध्यापक, भूमि संरक्षण एवं जल प्रबन्ध विभाग | सदस्य | उपस्थित |
| 27. | डा0 एन0 के0 शर्मा, समन्वयक, मत्स्य विज्ञान एवं अनुसंधान,महाविद्यालय,इटावा | सदस्य | उपस्थित |
| 28. | डा0 आशीष कुमार श्रीवास्तव, प्राध्यापक | सदस्य | अनुपस्थित |
| 29. | डा0 राम आशीष यादव, प्राध्यापक, सस्य विज्ञान | सदस्य | अनुपस्थित |
| 30. | डा0 वी0 के0 वर्मा, प्राध्यापक, सस्य विज्ञान | सदस्य | अनुपस्थित |
| 31. | डा0 मो0 जफर सिद्दीकी, प्राध्यापक, सस्य विज्ञान | सदस्य | अनुपस्थित |
| 32. | डा0 डी0 डी0 यादव, प्राध्यापक, सस्य विज्ञान | सदस्य | अनुपस्थित |
| 33. | डा0 मुक्ता गर्ग, सह प्राध्यापक, प्रतिनिधि, गृह विज्ञान संकाय | सदस्य | अनुपस्थित |
| 34. | डा0 जितेन्द्र सिंह, प्राध्यापक, उद्यान विज्ञान विभाग | सदस्य | अनुपस्थित |
| 35. | डा0 सी0 पी0 सचान, प्राध्यापक, बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग | सदस्य | अनुपस्थित |
| 36. | डा0 वी0 के0 त्रिपाठी, प्राध्यापक एवं अध्यक्ष, उद्यान विज्ञान विभाग | सदस्य | अनुपस्थित |
| 37. | डा0 मुनीश कुमार, प्राध्यापक एवं अध्यक्ष, भूमि संरक्षण एवं जल प्रबन्ध विभाग | सदस्य | अनुपस्थित |
| 38. | डा0 आर0 के0 यादव, प्राध्यापक, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन | सदस्य | अनुपस्थित |
| 39. | डा0 पी0 के0 सिंह, समन्वयक,उद्यान महाविद्यालय एवं प्रभारी, शाकभाजी विज्ञान | सदस्य | अनुपस्थित |
| 40. | डा0 एच0 जी0 प्रकाश, प्राध्यापक,पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान तथा अध्यक्ष, कृषि जीवरसायन विज्ञान विभाग | सदस्य | अनुपस्थित |
| 41. | डा0 राम प्यारे, प्राध्यापक, सस्य विज्ञान विभाग | सदस्य | अनुपस्थित |
| 42. | डा0 अखिलेश मिश्रा, प्राध्यापक, सस्य विज्ञान विभाग | सदस्य | अनुपस्थित |
| 43. | डा0 वेद प्रकाश, प्राध्यापक, पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान विभाग | सदस्य | अनुपस्थित |

कमशः.....2

| | | | |
|---|---|---|---|
| 44. | डा0 तेज प्रकाश, प्राध्यापक हजरतपुर | सदस्य | अनुपस्थित |
| 45. | डा0 एस0 के0 विश्वकर्मा, प्राध्यापक, लखीमपुर खीरी | सदस्य | अनुपस्थित |
| 46. | डा0 केशव चन्द आर्या, प्राध्यापक, सस्य विज्ञान विभाग | सदस्य | अनुपस्थित |
| 47. | डा0 धनन्जय सिंह, प्राध्यापक, सस्य विज्ञान विभाग | सदस्य | अनुपस्थित |
| 48. | डा0 लल्लू सिंह, प्राध्यापक, कृषि जीव रसायन विभाग | सदस्य | अनुपस्थित |
| 49. | डा0 यू0 के0 त्रिपाठी, प्राध्यापक, पादप रोग विज्ञान विभाग | सदस्य | अनुपस्थित |
| 50. | डा0 नरेन्द्र सिंह, प्राध्यापक, पादप रोग विज्ञान विभाग | सदस्य | अनुपस्थित |
| 51. | डा0 नीलिमा कुँवर, प्राध्यापक, गृह विज्ञान संकाय | सदस्य | अनुपस्थित |
| 52. | डा0 जे0 पी0 यादव, प्राध्यापक, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, इटावा | सदस्य | अनुपस्थित |

बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव द्वारा मा0 कुलपति/अध्यक्ष विद्वत परिषद एवं समस्त सम्मानित सदस्यों का 175वीं (सामान्य) बैठक में स्वागत किया गया, तदोपरान्त सूचीबद्ध प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गयी, जिन पर पारित निर्णयों का कार्यवृत्त निम्नवत है :—

175:1 पूर्व में सम्पन्न मा0 विद्वत परिषद की 174वीं (सामान्य) बैठक दिनांक 04.02.2022 में पारित निर्णयों की पुष्टि।

**निर्णय** मा0 विद्वत परिषद द्वारा उपरोक्त बैठक के कार्यवृत्त का विस्तृत चर्चा के उपरान्त पुष्टीकरण किया गया ।

175:2 शैक्षणिक सत्र 2021—22 में विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के सम सेमेस्टरों (जनवरी—जून 2022) में पंजीकरण हेतु तिथि निर्धारण किये जाने हेतु निर्गत शैक्षणिक कलेण्डर 2021—22 का अनुमोदन।

**निर्णय** मा0 विद्वत परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा के उपरान्त यथावत अनुमोदित किया गया ।

175:3 कोविड—19 महामारी के दृष्टिगत शैक्षणिक सत्र 2021—22 के एम0एस—सी0(कृषि/उद्यान) एवं कृषि व्यवसाय प्रबन्धन विभाग में अध्ययनरत चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं की पढ़ाई/अध्यापन कक्षायें विशेष परिस्थितियों में कन्डेन्स (Condense) किये जाने सम्बन्धित प्रस्ताव।

**निर्णय** मा0 विद्वत परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव इस निर्देश के साथ अनुमोदित किया गया कि प्रस्तावित व्यवस्था विश्वविद्यालय के समस्त संकायों में समान रूप से लागू होगी।

175:4 कोविड—19 महामारी के दृष्टिगत शैक्षणिक सत्र 2021—22 के बी0एस—सी0(आनर्स) कृषि, उद्यान एवं वानिकी में अध्ययनरत अष्टम सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं की पढ़ाई/अध्यापन कक्षायें विशेष परिस्थितियों में कन्डेन्स (Condense) किये जाने सम्बन्धित प्रस्ताव।

**निर्णय** मा0 विद्वत परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव इस निर्देश के साथ अनुमोदित किया गया कि प्रस्तावित व्यवस्था विश्वविद्यालय के समस्त संकायों में समान रूप से लागू होगी।

175:5 एम0एस—सी0(कृषि) के छात्र श्री सर्वजीत सिंह, आई0डी0 सं0 सीए—10841/18 मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग को चतुर्थ सेमेस्टर में पंजीकरण कराने की अनुमति प्रदान करने से सम्बन्धित प्रस्ताव।

**निर्णय** मा0 विद्वत परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा के उपरान्त नियमानुसार पंजीकरण किये जाने का अनुमोदन किया गया।

175:6 बी0एस—सी0(आनर्स) कृषि सप्तम सेमेस्टर में संचालित रेडी/रावे कोर्स के अर्न्तगत छात्र/छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम कतिपय कारणोंवश सप्तम सेमेस्टर में पूर्ण न कराये जाने के फलस्वरूप उक्त शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम अष्टम सेमेस्टर में कराये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव।

**निर्णय** मा0 विद्वत परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा के उपरान्त यथावत अनुमोदित किया गया ।

175:7 BSMA समिति द्वारा तैयार किये गये Detail BSMA Syllabus for PG & Ph.D. Programme को जो विश्वविद्यालय में वर्तमान शैक्षणिक सत्र में लागू है के अनुमोदन के सम्बन्ध में प्रस्ताव।

**निर्णय** मा0 विद्वत परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा के उपरान्त यथावत अनुमोदित किया गया तथा मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि BSMA समिति द्वारा तैयार किये गये Detail BSMA Syllabus for PG & Ph.D. Programme अधिष्ठाता, कृषि संकाय द्वारा कुलसचिव को हार्ड कापी में उपलब्ध करायी जाए।

175:8 BSMA समिति द्वारा तैयार किये गये Detail BSMA Syllabus for PG & Ph.D. Programme को जो विश्वविद्यालय के उद्यान महाविद्यालय में वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2021—22 में लागू है के अनुमोदन के सम्बन्ध में प्रस्ताव।

**निर्णय** मा0 विद्वत परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा के उपरान्त इस निर्देश के साथ अनुमोदित किया गया कि पृष्ठ सं0 64 पर उल्लिखित "Course Offered in M.Sc. (Horti.)- Vegetable Science" के अन्तर्गत Minor Course PLP-515 संशोधित कर PL PATH-515 कर दिया जाए।

क्रमशः.....3

175:9 BSMA समिति द्वारा Rules & Regulation के Guidelines के अनुसार तैयार किये गये Academic Rules and Regulation for PG & Ph.D. Programme के अनुमोदन के सम्बन्ध में प्रस्ताव।

निर्णय मा० विद्वत परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा के उपरान्त प्रस्ताव अनुमोदित करने के साथ–साथ निम्नलिखित निर्देश प्रदान किये गये:

- **BSMA - Regulation for PG & Ph.D. Programme: Advisor/Co-guide/Member, Advisory Committee from other collaborating University/Institute/Organization** (बिन्दु सं0 5.1) के अन्तर्गत दूसरे संस्थानों के शिक्षकों/वैज्ञानिकों को सलाहकार समिति का सदस्य नामित करने हेतु शिक्षा नीति समिति एक प्रस्ताव/नियमावली तैयार कर आगामी विद्वत परिषद की बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करेगीं।
- **BSMA - Regulation for PG & Ph.D. Programme: Allotment of students to the retiring persons** (बिन्दु सं0 5.1) के आलोक में कुलसचिव M.Sc. & Ph.D छात्रों को शोध निर्देशक नियुक्त/नामित करने के सम्बन्ध में परिपत्र निर्गत करेंगें।

175:10 गृह विज्ञान संकाय के चार विभाग क्रमशः प्रसार शिक्षा एवं संचार प्रबन्धन विभाग, खाद्य एवं पोषण विभाग, मानव विकास विभाग एवं वस्त्र एवं परिधान विभाग में एम0एस–सी0 एवं पी–एच0डी0 तथा पारिवारिक संसाधन एवं प्रबन्धन विभाग में एम0एस–सी0 कोर्स BSMA Report-2021 के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में विचार।

निर्णय मा० विद्वत परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा के उपरान्त इस निर्देश के साथ अनुमोदित किया गया कि तैयार BSMA Syllabus-2021 की हार्ड कापी अधिष्ठाता, गृह विज्ञान संकाय द्वारा कुलसचिव कार्यालय को उपलब्ध करायी जाए।

175:11 बी0एस–सी0(आनर्स) कृषि पंचम सेमेस्टर में संचालित कोर्स AET-313 (Agriculture Education Tour) Credit 2(0+0) के 134 छात्र/छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम कतिपय कारणोंवश पंचम सेमेस्टर में पूर्ण न कराये जाने के फलस्वरूप उक्त शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम षष्ठम सेमेस्टर में कराये जाने की अनुमति दिये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव।

निर्णय मा० विद्वत परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा के उपरान्त इस निर्देश के साथ अनुमोदित किया गया कि प्रस्तावित शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम माह मई– जून 2022 में सम्पन्न कराया जाए।

175:12 पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान विभाग में एम0एस–सी0(कृषि) दुग्ध प्रौद्योगिकी एवं पशुधन उत्पादन एवं प्रबन्धन तथा पी–एच0डी0 (कृषि) दुग्ध प्रौद्योगिकी एवं पशुधन उत्पादन एवं प्रबन्धन के अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा निर्दिष्ट BSMA Report-2021 द्वारा संशोधित पाठ्यक्रम मा0 विद्वत परिषद द्वारा गठित समिति द्वारा तैयार किये गये कोर्स कन्टेन्ट के अनुसार पढ़ाये जाने की अनुमति प्रदान किये जाने के सन्दर्भ में।

निर्णय मा० विद्वत परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा के उपरान्त यथावत अनुमोदित किया गया ।

175:13 महाविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता हेतु संचालित एम0टेक0 (कृषि अभियांत्रिकी) में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली अनुमोदित BSMA Committee Report के द्वारा प्रत्येक विषयों में 05–05 सीटों का अनुमोदन करने का प्रस्ताव।

निर्णय मा० विद्वत परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा के उपरान्त मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा अधोलिखित समिति का गठन करते हुए निर्देशित किया गया कि समिति की संस्तुतियों के साथ आगामी बैठक में प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

- कुलसचिव : अध्यक्ष
- अधिष्ठाता, कृषि अभियांत्रकी एवं प्रौद्योगिकि महाविद्यालय, इटावा : सदस्य
- समन्वयक, मत्स्य महाविद्यालय एवं शोध केन्द्र, इटावा : सदस्य/सचिव

175:14 महाविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता हेतु संचालित एम0टेक0 (कृषि अभियांत्रिकी) में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित BSMA Committee Report के द्वारा Revised Syllabus-2021 का अनुमोदन करने का प्रस्ताव।

निर्णय मा० विद्वत परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा के उपरान्त निर्देशित किया गया कि उपरोक्त गठित समिति द्वारा विचारोपरान्त प्राप्त संस्तुतियों के साथ आगामी बैठक में प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए तथा फैकल्टी बोर्ड की अनुमोदित संस्तुतियॉं भी प्रस्तुत की जाएं।

175:15 कृषि महाविद्यालय, लखीमपुर खीरी कैम्पस, में अध्ययनरत बी0एस–सी0 (आनर्स) कृषि के पंचम सेमेस्टर के छात्रों की तृतीय सेमेस्टर की रिपीट परीक्षा कराने के सम्बन्ध में मा0 विद्वत परिषद की 175वीं (सामान्य) बैठक हेतु प्रस्तुत।

निर्णय मा० विद्वत परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा के उपरान्त निर्देशित किया गया कि प्रश्नगत छात्रों के तृतीय सेमेस्टर की रिपीट परीक्षा, निर्धारित रिपीट परीक्षा शुल्क जमा कराने के उपरान्त, उनके सप्तम् सेमेस्टर की परीक्षा के साथ सम्पन्न करायी जाए।

## माननीय कुलपति महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्ताव

175:16 माननीय कुलपति महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्ताव (यदि कोई हैं) पर विचार।

निर्णय मा0 विद्वत परिषद के समक्ष कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं हुआ।

क्रमशः.....4

# माननीय कुलपति महोदय के निर्देश

1. मानव सम्पदा पोर्टल पर अपेक्षित सूचनाएं ससमय अपलोड न किये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए छूटे हुए अधोलिखित विभागों को कार्य पूर्ण किये जाने की तिथि निर्धारित करते हुए नोटिस निर्गत की जाए।

| क्र0सं0 | विभाग का नाम | प्रविष्टियाँ अंकित किये जाने की निर्धारित अन्तिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | निदेशक, प्रशासन एवं मानीटरिंग | 26.04.2022 |
| 2 | समन्वयक, निदेशक प्रसार | 26.04.2022 |
| 3 | निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र | 26.04.2022 |
| 4 | अधिष्ठाता छात्र कल्याण | 26.04.2022 |
| 5 | पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान विभाग | 29.04.2022 |
| 6 | उद्यान विज्ञान विभाग | 26.04.2022 |
| 7 | तिलहन अनुभाग | 28.04.2022 |
| 8 | परिवहन विभाग | 26.04.2022 |
| 9 | विश्वविद्यालय प्रिंटिंग प्रेस | 30.04.2022 |
| 10 | शाकभाजी विज्ञान विभाग | 28.04.2022 |

2. परास्नातक पाठ्यक्रमों के अन्तिम सेमेस्टरों में अध्यनरत छात्र/ छात्राओं के शोधग्रन्थ (Thesis) माह जून 2022 तक अवश्य जमा कराये जाएं।

3. समस्त पाठ्यक्रमों के विषम् सेमेस्टरों की सम्पन्न परीक्षाओं के परिणाम शीघ्र घोषित करा दिये जाए।

4. समस्त अध्यनरत छात्र/ छात्राओं का डाटा सम्बन्धित विभागाध्यक्षों द्वारा तैयार कर संरक्षित किया जाए।

5. प्रत्येक विभाग से एक शिक्षक की नियुक्ति वर्चुअल क्लास रूम (आभाषीय कक्षा) हेतु अनिवार्य रूप से किया जाए।

6. समस्त संकाय के समस्त विषयों की कक्षाएं नियमित रूप से संचालित की जाए।

7. मा0 कुलाधिपति महोदया के सचिव एवं नैक अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित विश्वविद्यालय भ्रमण के दृष्टिगत सभी विभागों/अनुभागों में साफ–सफाई करायी जाए।

8. आगामी माह जून 2022 में प्रस्तावित नैक मूल्यांकन समिति के भ्रमण से पूर्व कुलसचिव द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों के आलोक में समस्त कार्य पूर्ण करा लिए जाए तथा अपेक्षित अभिलेख तैयार रखे जाए।

9. समस्त शिक्षकों को माह जुलाई 2022 में देय वार्षिक वेतन बृद्धि की स्वीकृति कुलपति महोदय के समक्ष सम्पन्न किये गये कार्यो के प्रस्तुतिकरण के सन्तोषजनक पाये जाने पर ही की जाए। विभागाध्यक्ष 20 स्लाइड एवं अन्य शिक्षकगण 10 स्लाइड तैयार कर प्रस्तुतिकरण करेंगें।

10. समस्त विभागाध्यक्ष अपना एवं अपने अधीन कार्यरत शिक्षकों से शोध पत्र (Research Paper) एवं परियोजना (Project) तैयार कराकर शीघ्र प्रस्तुत करें।

11. ज्ञान सम्वर्धन कार्यक्रम समस्त महाविद्यालय स्तरों पर संचालित किये जाए जिसमें मानदेय के आधार पर विशेषज्ञों को आमंत्रित भी किया जाए।

12. शैक्षणिक सत्र 2021–22 के समस्त पाठ्यकमों के विषम सेमेस्टरों की सम्पन्न परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकायें विभागाध्यक्षों द्वारा यथाशीघ्र कुलसचिव को उपलब्ध करायी जाए।

अन्त में डा0 संजीव कुमार सिंह, सहायक कुलसचिव द्वारा बैठक की अध्यक्षता कर रहे माननीय कुलपति महोदय एवं परिषद के समस्त सम्मानित सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए बैठक का समापन किया गया।

**(सी0 एल0 मौर्य)**
कुलसचिव

Vice Chancellor
C.S. Azad University of Agriculture & Technology
KANPUR

Saty.AC-175